देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन,
इंदौर – 452 001
दिनांकः– 24 AUG 2023

क्रमांकः गोपनीय/प्रा.प/2023/650

प्रति,
प्राचार्य,
प्रधनाचार्य/प्रधानाचार्या/निदेशक,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,
इन्दौर/धार/झाबुआ/खण्ड़वा /खरगोन/ बड़वानी/बुरहानपुर/अलीराजपुर.

विषय :–वर्ष 2022–2023 के स्नातक स्तर के तृतीय वर्ष वार्षिक (पुराना पाठ्यक्रम) के पूरक प्राप्त विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में।

महोदय,

कार्यालय के पत्र क्रमांक गोपनीय/प्रा.प/2023/642 दिनांक 16/08/23 अनुसार सूचित किया गया था कि स्नातक स्तर के तृतीय वर्ष के **पूरक प्राप्त** विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न की जाना है। वर्तमान सत्र माह मार्च 2023 स्नातक स्तर के तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा जिन बाह्य परीक्षकों के पैनल से संपन्न कराई गई थी , स्नातक स्तर के तृतीय वर्ष की **पूरक** प्रायोगिक परीक्षा कार्य भी उन्ही परीक्षकों द्वारा सम्पन्न कराया जाना है। तद्नुसार महाविद्यालय स्तर पर कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें। उक्त पत्र के विषय में नई शिक्षा नीति के स्थान पर पुराना पाठ्यक्रम वार्षिक परीक्षा अंकित किया जाता है।

यदि किसी कारण से किसी परीक्षक द्वारा प्रायोगिक परीक्षा हेतु असमर्थता प्रकट की जाती है तो आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय को पत्र के माध्यम से /ई–मेल आईडी soconf.1958@gmail.com पर सूचित करें। पत्र पर संबंधित महाविद्यालय की ई–मेल आई.डी अवश्य अंकित करें। महाविद्यालय स्तर पर किसी भी परिस्थिति में परीक्षक नियुक्त नहीं करें।

विशेष टीप –प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षक से ही सम्पन्न कराई जायें, अन्यथा परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक